आकाशवाणी शिमला
03.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 7 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार लगातार तेजी जारी है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे धन–बल की राजनीति करने वाले को कड़ा सबक सिखाएं। सुक्खू ने आज हमीरपुर के बल्ह, बलोह, अग्घार, दरोग, खग्गल और धनेड़ में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ने ये कहते हुए विधायकी छोड़ दी थी कि उनके काम नहीं हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि वे फिर से विधायक बनते हैं तो काम फिर भी नहीं होगे क्योंकि मुख्यमंत्री मैं हूं और काम तो मुझे ही करने हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस उम्मीदवार को सेवा का मौका दें ताकि हमीरपुर में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ सके। सुक्खू ने ये भी आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के समय प्रेम कुमार धूमल को कमजोर करने के लिए हमीरपुर में विकास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हमीरपुर से ही तीन पूर्व विधायक नहीं चाहते कि जिले का मुख्यमंत्री हो। इसीलिए उन्होंने सरकार के खिलाफ बगावत की और सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को व्यापारी और अहंकारी भी करार दिया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश में मित्रों का टोला लगातार भ्रष्टाचार फैला रहा है। बिंदल ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पार्टी प्रत्याशी होशियार सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार माफिया की गिरफ्त में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और आपराधिक घटनाओं में हर रोज वृद्धि हो रही है। बिलासपुर और नालागढ़ में हुए गोलीकांड इसके साक्षी हैं। उन्होंने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम के देहरा स्थित राशन गोदाम में बड़े घोटाले का आरोप लगाया और कहा कि यहां से लगभग एक करोड़ रूपए का राशन गायब हो गया है।

होशियार सिंह

देहरा विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यदि बीते 15 महीनों में देहरा में विकास किया होता तो आज न उपचुनाव होता और न ही सुक्खू को अपनी पत्नी की जीत की चिंता करनी पड़ती। उन्होंने कहा कि चुनाव विश्वास और विकास के द्वारा जीते जाते हैं न कि लोगों को डरा–धमका कर। होशियार सिंह ने कहा कि देहरा की जनता पहले भी उनके साथ थी और आज भी उनके साथ है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर से भी पूछा कि सरकार बनने के 15 महीने बाद ही मायका क्यों याद आया। होशियार सिंह ने कहा कि देहरा की जनता भोली–भाली जरूर है लेकिन सुक्खू के बहकावे में नहीं आने वाली है।

गुप्त पर्वत

कोलकाता के आरोही क्लब ने लाहौल स्पिति की 6 हजार एक सौ 59 मीटर ऊंची गुप्त पर्वत चोटी को सफलतापूर्वक फतेह किया। आरोही क्लब के 12 सदस्यों के दल ने 25 जून को गुप्त पर्वत को फतेह किया है।

ये दल गुप्त पर्वत को फतेह करने के बाद आज लाहौल स्पिति के दालंग पहुंचा। इस दल ने 5 जून को दालंग से ही अपने अभियान की शुरूआत की थी और 7 जून को ये दल बेस कैम्प से गुप्त पर्वत को फतेह करने के लिए निकला था। 1973 में एक जापानी दल ने पहली बार इस पर्वत को फतेह किया था उसके बाद आरोही क्लब इस पर्वत को फतेह करने वाला दूसरा दल है।

प्रशंसा पत्र

प्रदेश के कृषि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मिलेटस वर्ष 2023 के दौरान मिलेट्स के प्रचार–प्रसार में उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। कृषि विभाग को भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा ये प्रशंसा पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस सम्मान के लिए कृषि विभाग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और विभाग ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवोन्मेषी कदम उठाए हैं।

यादविन्द्र गोमा

आयुष और युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने आज भारतीय चिकित्सा पद्धति अनुसंधान संस्थान जोगिन्दर नगर में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने जोगिन्दर नगर स्थित आयुष वृत्त चिकित्साल्य में ऑस्टियो अर्थराइटिस और अन्य मस्कुलोस्कोलेटल विकार की रोकथाम और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम व वायुमित्र योजना का भी शुभारम्भ किया।